# सरकारी कामकाज में अनुशासन जरूरी: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां कई बड़े-छोटे अधिकारी अनुपस्थित मिले। मुख्यमंत्री ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लापरवाही और अकर्मण्यता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उनके निरीक्षण का उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि सरकारी कामकाज में जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने कई वरिष्ठ अधिकारियों तक को तय समय पर अपनी सीटों से अनुपस्थित पाया, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासन केवल निचले कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि कमिश्नर और स्पेशल कमिश्नर स्तर तक हर अधिकारी पर समान रूप से लागू होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी आवश्यक है और सभी विभाग सुनिश्चित करें कि बायोमेट्रिक सिस्टम का गंभीरता से पालन हो। मुख्यमंत्री ने मौके पर निर्देश जारी किए कि जो भी स्टाफ अनुपस्थित है, उन्हें तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति का अपडेट मांगा और बायोमेट्रिक आधार पर पिछले एक महीने का रिकॉर्ड तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके।

मुख्यमंत्री ने करदाताओं और आम नागरिकों से सीधे संवाद कर फीडबैक भी लिया। इस दौरान सेवाओं में देरी और अधिकारियों की अनुपलब्धता की शिकायतें सामने आईं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दो टूक कहा कि जनसेवा में देरी या लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी और इसके लिए सीधे जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी पर आप-भाजपा में टकराव

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आप नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने नियमों का उल्लंघन करते हुए कमेटी का कार्यकाल समय से पहले समाप्त कर दिया, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और जनता के हितों को नुकसान पहुंच रहा है।

आप पार्टी के अनुसार, एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी निगम की सबसे महत्वपूर्ण इकाई होती है, जिसके पास बजट पारित करने, बड़े परियोजनाओं को मंजूरी देने और विकास कार्यों की निगरानी की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में इसका समय से पहले निष्क्रिय होना पूरे प्रशासनिक ढांचे को प्रभावित कर सकता है। एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने प्रेस वार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी अपने आंतरिक मतभेदों के कारण नियमों को दरकिनार कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्टैंडिंग कमेटी का कार्यकाल 31 मार्च तक सीमित कर दिया गया, जबकि नियमों के अनुसार यह तब तक कार्य करती रहती है जब तक नई कमेटी का गठन नहीं हो जाता। उन्होंने यह भी कहा कि कमेटी को कमजोर कर अधिकारियों की शक्तियां बढ़ाई जा रही हैं, जिससे पर्दे के पीछे फैसले लेकर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ सकती है।

# चेन स्नेचर दबोचा, साथी भी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के डाबड़ी में पुलिस ने एक कुख्यात चेन स्नैचर और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरा. पी के पास से नकली नंबर प्लेट और बाइक भी जब्त की है। वहीं उसके साथी के पास से 80,000 रुपये नगद बरामद किया गया है।

मामला 26 मार्च का है, जब रामनवमी के मौके पर पूजा से लौट रही 58 साल की महिला के गले से अचानक आरोपी ने बाइक पर सवार होकर सोने की चेन छीन ली। पीड़ित ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले की जांच के लिए एसआई अनिल कुमार, एएसआई धर्मेंद्र, एचसी बच्चू और एचसी राजेंद्र की टीम बनाई गई, जिसकी अगुवाई एसएचओ डाबड़ी इंस्पेक्टर गंगा राम मीणा ने की। टीम ने 25 किलोमीटर के एरिया में लगे 250 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और आरोपी की लोकेशन वसंत कुंज के पास ट्रेस की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान करन शिवपुरी उर्फ कांची (32) के रूप में हुई। वह पहले भी 27 मामलों में लिप्त रह चुका है। करन को मसूदपुर डेयरी, वसंत कुंज से गिरफ्तार किया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया।

आरोपी के पास से एक बजाज पल्सर बाइक, नकली नंबर प्लेट और वारदात के समय पहने कपड़े भी बरामद किए गए। पूछताछ में करन ने बताया कि उसने चोरी की चेन अपने साथी विपिन कुमार उर्फ बंटी (32) को दी थी। विपिन से पूछताछ के बाद पता चला कि उसने चेन को मनी ट्रांसफर के माध्यम से 1,18,000 रुपए में बालाजी ज्वैलर्स महिपालपुर के मालिक हिमांशु वर्मा को बेच दिया था। पुलिस ने विपिन से 80,000 रुपए की रकम भी बरामद कर ली, जो चेन की चोरी से मिली थी।

## धोखाधड़ी गैंग का सरगना धरा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने एटीएम धोखाधड़ी गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध के समय पहने गए कपड़े और जूते और एक मोबा. इल बरामद किया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि पश्चिमी विहार, निवासी से एक शिकायत मिली थी जिसमें उसने आरोप लगाया कि 27. सितंबर 2025 को पश्चिमी विहार मार्केट स्थित बैंक एटीएम पर उसके साथ 35,000 रूपये की धोखाधड़ी हुई और उनका एटीएम कार्ड भी ले लिया गया।

# बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में सब्जी विक्रेता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने निहाल विहार इलाके में 11 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के आरा. प में 25 वर्षीय सब्जी विक्रेता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की पहचान बिहार के मधुबनी निवासी धर्मेंद्र के तौर पर हुई है।

पुलिस के अनुसार, घटना चार अप्रैल की है जब बाहरी दिल्ली के निहाल विहार थाने में एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के साथ हुई कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत कर्ता ने बताया कि तीन अप्रैल को उनके घर के सामने एक अज्ञात व्यक्ति ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की और मौके से फरार हो गया। इसके बाद पीड़िता का बयान उसके माता-पिता की उपस्थिति में दर्ज किया गया। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा और पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान के लिए पुलिस की एक विशेष टीम ने इलाके में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपी को लक्ष्मी पार्क के पास देखा गया।

डीसीपी के मुताबिक, पुलिस ने जानकारी के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वह इलाके में सब्जी बेचने का काम करता है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए।

## एक नजर

### चुनाव आयोग पर केजरीवाल का तीखा आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के एक आधिकारिक संदेश पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के प्रभाव में कार्य कर रहा है और इस प्रकार की भाषा संस्थान की गरिमा के अनुकूल नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक मंच पर चुनाव आयोग के संदेश को साझा करते हुए कहा कि अब यह कहने की आवश्यकता नहीं रह गई है कि आयोग स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने इसे सार्वजनिक रूप से स्पष्ट स्थिति बताते हुए दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के वक्तव्यों से एक संवैधानिक संस्था की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव को लेकर एक संदेश जारी किया था, जिसमें तृणमूल कांग्रेस का उल्लेख करते हुए भयमुक्त, हिंसामुक्त, धमकी रहित तथा प्रलोभन रहित मतदान सुनिश्चित कराने की बात कही गई थी। इस संदेश के बाद राजनीतिक हलकों में विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और संस्थागत मर्यादा को लेकर नई बहस को जन्म दे दिया है, जिस पर राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

### 'गांव जैसे है, गांव जहां तक है' को मिले मालिकाना हक: दिल्ली पंचायत संघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने केंद्र सरकार एवं दिल्ली सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार 1511 अनाधिकृत कॉलोनियों को "जैसा है, जहां है" के आधार पर नियमित किया गया है, उसी तर्ज पर दिल्ली के "गांव जैसे है, गांव जहां तक है" के आधार पर पूर्ण मालिकाना हक दिया जाए। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि इस संबंध में शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री दिल्ली रेखा गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत एवं योगेंद्र चांदोलिया को ज्ञापन भेजे गए हैं। पंचायत संघ ने (1511) अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का स्वागत किया, लेकिन दिल्ली के गांवों, ग्रामीणों एवं किसानों को भी वर्षों से उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है, जिन्हें अब तत्काल मालिकाना हक मिलना चाहिए। थान सिंह यादव ने कहा कि इस विषय पर पंचायत बुलाई जिसमें सभी ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर गांवों के लंबित मुद्दों का समाधान किया जा सके।

### महिलाएं ले रहीं स्वतंत्र निवेश निर्णय

**नई दिल्ली।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने यूगोव के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी विनवेस्टर पल्स 2025-26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की जिम्मेदारी का प्रभार तेजी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरं. चत वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है।

निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, डीएसपी म्यूचुअल फंड की अध्यक्ष, अदिति कोठारी देसाईने कहा, विनवेस्टर पल्स के इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है। महिलाएँ ज्ञान और जानकारी की तलाश कर रही हैं, बाजारों के साथ जुड़ रही हैं, सलाहकारों से परामर्श कर रही हैं और अपनी शर्तों पर आकांक्षाओं को आकार दे रही हैं।

### स्कूलों में वितरित शैक्षणिक सामग्री का लिया जाएगा फीडबैक

**नई दिल्ली।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली शैक्षणिक सामग्री का फीडबैक लिया जाएगा। समग्र शिक्षा दिल्ली ने इसे लेकर तैयारी की है। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि छात्रों व शिक्षकों को मिलने वाली शैक्षणिक सामग्री का सही तरह इस्तेमाल हुआ है या नहीं। साथ ही, मौजूदा शैक्षणिक सत्र में किस तरह की सामग्री की आवश्यकता है। जरूरत के मुताबिक सामग्री वितरित की जाएगी। इसके अलावा सुधार के क्षेत्रों की पहचान को भी फीडबैक में शामिल किया जाएगा।

## राणा अय्यूब के पोस्ट पर कार्रवाई के निर्देश

**नई दिल्ली।** राणा अय्यूब द्वारा किए गए कथित अपमान. जनक एक्स (ट्वीट) पर दिल्ली हाईकोर्ट ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने एक्स, केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस से इस मामले में कदम उठाने को कहा है। इन ट्वीट को हिंदू देवी-देवताओं और वीर सावरकर के खिलाफ बताया गया है।हाईकोर्ट ने इन पोस्ट को अपमानजनक, भड़काऊ और सांप्रदायिक करार दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसे पोस्ट समाज में वैमनस्य फैला सकते हैं। यह मामला काफी समय से लंबित था और इस पर ध्यान देना आवश्यक था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

# पानी के टैंकरों में जीपीएस लगाना जरूरी: एनजीटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली जल बोर्ड को पानी के सभी टैंकरों में जीपीएस लगाने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि जल बोर्ड दिल्ली में सभी टैंकरों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए। इसके साथ ही, टैंकर ड्राइवरों को जांच के समय दस्तावेज दिखाना अनिवार्य होगा।

एनजीटी ने अपने आदेश में कहा, "अब हर तरह के पानी के टैंकर चाहे वह भूजल लेकर चल रहा हो या सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का साफ किया हुआ पानी, सभी में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा।" एनजीटी ने 28 मई 2025 को अपने एक आदेश में कहा था कि कमर्शियल तौर पर पानी सप्लाई करने वाले सभी टैंकरों में जीसीएस लगा होना चाहिए।

साथ ही अगर कहीं अवैध तरीके से भूजल निकाला जाता है तो उस पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए थे। कुछ पक्षों ने एनजीटी से गुहार लगाई थी कि जो टैंकर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का साफ किया हुआ पानी ले जाते हैं उन्हें जीपीएस नियम से छूट दी जाए और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। हालांकि, एनजीटी ने अपने आदेश में कहा है कि एसटीपी का साफ किया हुआ पानी पर्यावरण के लिए फायदेमंद है और उसका दोबारा इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन निगरानी जरूरी है। ट्रिब्यूनल ने कहा कि अगर सभी टैंकरों में जीपीएस नहीं होगा तो कुछ लोग एसटीपी पानी के नाम पर अवैध भूजल ले जा सकते हैं। इसलिए निगरानी के लिए जीपीएस सिस्टम जरूरी है।

दरअसल, प्रीतिपाल शर्मा ने अंतरिम आवेदन दायर में एक व्यक्ति पर दिल्ली जल बोर्ड की अनुमति के बिना बोरवेल लगाने के आरोप लगाए थे। शिकायत में कहा गया कि वह केंद्रीय भूजल प्राधिकरण से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' (एनओसी) प्राप्त किए बिना व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भूजल निकाल रहा है।

# वीरेंद्र सचदेवा के पिता का हुआ अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के 94 वर्षीय पिता श्याम लाल सचदेवा का मंगलवार को एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। बुधवार सुबह उनका अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय एवं सामाजिक सम्मान के साथ किया गया।

अंतिम संस्कार उनके पांचों पुत्रों ने किया। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं रविन्द्र इंद्राज, महापौर राजा इकबाल सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, पार्षद और हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि देने वालों में सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय गोयल, रमेश बिधूड़ी, विनय सहस्रबुद्धे समेत अनेक लोग शामिल थे। इसके साथ ही आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, दिल्ली पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# युवाओं को लोकतंत्र से जुड़ना होगा: विजेन्द्र गुप्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हमारे युवा अपने संस्थानों, संविधान और उसमें अपनी भूमिका को कितनी गहराई से समझते हैं। शिक्षा का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना होना चाहिए और जागरूकता से सक्रिय भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। यह बात दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान कही।विधानसभा अध्यक्ष ने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा और सार्वजनिक जीवन के बीच सेतु स्थापित करना समय की आवश्यकता है तथा विधान सभा जैसे संस्थानों को सीखने, संवाद और सहभागिता के खुले मंच के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को विधानसभा का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्हें सदन के इतिहास, विकास और भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री वीर विठ्ठलभाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को भारत की संसदीय परंपरा में उनके योगदान की गहन समझ प्राप्त हुई। इसके साथ ही "विठ्ठलभाई पटेल: शताब्दी यात्रा" शीर्षक से कॉफी टेबल बुक भी कॉलेज को भेंट की गई, जो उनकी विरासत के सौ वर्षों को चिह्नित करती है।

# निगम जोन के पुन: नामकरण को मंजूरी



**■ दिल्ली सरकार के जिलों के अनुरूप होंगे नाम: सत्या शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे को अधिक सुव्यवस्थित और समन्वित बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। निगम के विभिन्न जोनों के पुन: नामकरण से जुड़े प्रस्ताव को स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंजूरी दे दी है। अब इस प्रस्ताव को निगम सदन में पेश किया जाएगा और वहां से स्वीकृति मिलने के बाद केंद्र सरकार को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

सत्या शर्मा ने बताया कि यह निर्णय दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में किए गए राजस्व जिलों के पुनर्गठन के अनुरूप लिया गया है। उन्होंने कहा कि राजधानी में राजस्व जिलों की संख्या 11 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है और अब नगर निगम के जोनों के नाम भी उसी के अनुरूप किए जा रहे हैं, ताकि प्रशासनिक कार्यों में एकरूपता लाई जा सके। "दिल्ली सरकार के जिलों के अनुसार एमसीडी के जोनों के नाम किए जाएंगे, जिससे विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा," उन्होंने कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरी प्रक्रिया में किसी भी जोन की भौगोलिक सीमाओं में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। केवल नामों में परिवर्तन किया जा रहा है, जिससे नागरिकों पर प्रत्यक्ष रूप से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनेगी।

# विशाल भंडारे का आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्रावकरत्न स्वर्गीय जयप्रकाश जैन की 80वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर मेहरौली स्थित मातुश्री भवन (दूध वाली गली) में एक भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस पुण्य अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

यह आयोजन जे.पी. जैन फाउंडेशन, मातुश्री श्रीमती उषा जैन एवं समस्त जैन परिवार द्वारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ होकर "प्रभु इच्छा" तक निरंतर चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन ने अपने पूज्य पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके पिता स्व. जयप्रकाश जैन जी ने सदैव सेवा, त्याग और मानवता का मार्ग दिखाया।

उन्होंने कहा कि उनकी जन्म जयंती पर इस प्रकार का भंडारा आयोजित करना उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का एक विनम्र प्रयास है।

कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी की पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा भावना का परिचय दिया।

## 12 महिलाओं सहित 19 पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के साइबर थाने और एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड के संयुक्त अभियान में नकली कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 12 महिलाओं सहित 19 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से 36 मोबाइल फोन और कुछ रजिस्टर बरामद किए है।इस गैंग ने बजाज फिनसर्व के प्रतिनिधि बनकर नकली लोन फीस वसूलकर पीड़ितों को धोखा दिया था।दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल को, एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड को गुप्त सूचना मिली कि पीतमपुरा में एक नकली कॉल सेंटर चल रहा है, जो लोन और बीमा से संबंधित लाभ देने के बहाने लोगों को ठगने में शामिल है।

# सीमापुरी के पार्क मे युवक पर हमला, 3 राऊंड चली गोलियां

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के सीमापुरी थाना क्षेत्र मे पार्क मे खेल रहे एक युवक पर गोली चलने का मामला सामने आया है, जिसमे बताया जा रहा है तीन युवकों ने हसमत नामक युवक के ऊपर तीन राउंड फायरिंग की थी। हालांकि मौके पर पहुंचे लोगों ने तीन मे से दो आरोपियों को दबोच लिया ओर पुलिस के हवाले कर दिया स पुलिस इस मामले मे जांच कर रही है। पीड़ित हसमत (22) अपने परिवार के साथ ई ब्लॉक, नई सीमापुरी मे रहता है उसने बताया शाम करीब 7 बजे वह ई ब्लॉक के पार्क मे मौजूद था तभी तीन युवक वहां पहुंचे ओर उसके ऊपर गोलियां चला दी, गोलियों से बचने के लिए वह एक पेड़ के पीछे छिप गया, लेकिन आरोपियों ने उसे वहां से पकड़ लिया ओर उसको पिस्तौल की बट से मारने लगे, जब वह नीचे गिर पड़ा तब उसकी छाती पर एक आरोपी सवार हो गया ओर इसको गोली मारने का प्रयास किया लेकिन गोली पिस्तौल मे फंस गयी ओर वह नहीं चल पाई। तभी वहां हसमत का भांजा समीर वहां पहुंचा और उसने एक आरोपी को पकड़ लिया जिसके बाद मौके पर मौजूद लोग लोगों ने तीन आरोपियों मे से दो को दबोच लिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# मीडियाकर्मी पर शराब ठेका कर्मचारियों ने किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** मीडिया कर्मी पर जानलेवा हमला करने के मामले में एडिशनल एसपी मसूरी लिपि नगायच ने मामले को संज्ञान में लेने पर थाना पुलिस ने आरोपी शराब ठेका कर्मचारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरो. पियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है जल्द ही आरोपी शराब ठेका कर्मचारी सलाखों के पीछे होंगे।

बता दें कि 3 अप्रैल की रात करीब 9 बजे मीडिया कर्मी अमित तिवारी गाजियाबाद से कार से आ रहा था। जैसे ही वह दिल्ली मेरठ रोड स्थित गांव सैंथली के सामने पहुंचा तो वहीं हिसाली रोड स्थित शराब के ठेके पर लोगों की भीड़ लगी थी। मीडिया कर्मी अमित तिवारी ने मामले के जानकारी करने का प्रयास किया तो वहां पर शराब की




ओवररेटिंग को लेकर लोगों हंगामा कर रहे थे। मीडिया कर्मी ने कवरेज करने के लिए मोबाइल निकाल कवरेज करने लगा। अचानक शराब के ठेके से दो कर्मचारी आए और मीडिया कर्मी से गाली गलौज मारपीट व अभद्रता करते हुए मोबाइल छीन कर तोड़ दिया। तथा मीडिया कर्मी की कार की चाबी छीन कर जान से मारने की धमकी दी। मीडिया कर्मी ने सूचना पुलिस को दी। किसी तरह पुलिस ने मीडिया कर्मी को वहां से निकाला।

मीडिया कर्मी अमित तिवारी ने शराब ठेका के दो कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत की। लेकिन थाना पुलिस व आईटीएस चौकी प्रभारी मामले को दबाने व मीडिया कर्मी पर अनैतिक तरीको से दबाव बना समझौता करने का दबाव बनवाने लगे। लेकिन एडिशनल एसपी मसूरी लिपि नगायच ने मीडिया कर्मी के मामले का संज्ञान लेते हुए थाना पुलिस को शराब ठेका कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

मीडिया कर्मी अमित तिवारी ने बताया कि शराब ठेका कर्मचारीयों ने मारपीट कर उसकी सोने की चेन छीन व मोबाइल तोड़ दिया। थाना पुलिस व आईटीएस चौकी प्रभारी ने तीन दिन तक उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की थी। बल्कि चौकी प्रभारी अनैतिक तरीके से समझौता कराने का दबाव बनवाने लगा।

एडिशनल एसपी मसूरी ने मामले का संज्ञान ले थाना प्रभारी अंकित चौहान को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किए। एडिशनल एसपी लिपि नगायच के निर्देश थाना प्रभारी अंकित चौहान ने शराब ठेका कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू दी।

एडिशनल एसपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि मीडिया कर्मी के मामले में आरोपी शराब ठेका कर्मचारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। जल्द की मीडिया कर्मी पर जानलेवा हमला करने के आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

## पौने तीन किलो चरस के साथ पकड़ा आरोपी



**गाजियाबाद।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ बेचने के आरोपी को थाना मसूरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर जिस आरोपी को पकड़ा गया है उसका नाम आदिल पुत्र खुरशैद निवासी ग्राम नाहल है। आदिल को डासना जेल के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 800 ग्राम चरस बरामद की गई है। पूछताछ में आदिल ने बताया है कि वह गुलावठी से चरस लेकर आता है जिसे वह अलग-अलग क्षेत्र में बेचकर मुनाफा कमाता था।

## स्मार्ट मीटर लगाने कई टीम बैरंग लौटी

**गाजियाबाद।** जोन-प्रथम के अंतर्गत शिवपुरी बिहारीपुरा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची इंटेली स्मार्ट कंपनी की टीम को उपभोक्ताओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने अपने घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से साफ इनकार कर दिया और टीम को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। बुधवार को कंपनी की टीम निर्धारित योजना के तहत क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी। जैसे ही टीम ने मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की, आसपास के लोग एकत्र हो गए और आपत्ति जताने लगे। उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्हें पहले से स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी मिली है, जिसके कारण वे अपने घरों में यह मीटर नहीं लगवाना चाहते।

# पित्त की थैली के ऑपरेशन से हुई मरीज की मौत

### अस्पताल व डॉक्टर के खिलाफ परिजनों ने की पुलिस से शिकायत

**शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिरोज कि मौत अस्पताल व डॉक्टर कि लापरवाही से हुई है अत: दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कि जाये!**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर के हापुड़ रोड स्थित श्री भरत हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर के खिलाफ पित्त की थैली जैसे सामान्य ऑपरेशन में लापरवाही की वजह से मरीज की मौत होने पर मृतक के पिता ने ऑपरेशन करने वाले अस्पताल के संचालक व डॉक्टर के खिलाफ मोदीनगर थाने में शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है.

मुरादनगर निवासी शौकीन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके बेटे फिरोज उम्र 35 वर्ष का पित्त की थैली का ऑपरेशन 5 मार्च 2026 को मोदीनगर के हापुड़ रोड स्थान श्री भरत हॉस्पिटल में हॉस्पिटल के संचालक प्रवीन कुमार व डॉ पारुल चौधरी द्वारा किया गया था।

परन्तु आराम ना होने पर 19 मार्च को दुबारा ऑपरेशन कर दिया गया, लेकिन फिर भी आराम ना होने पर अन्य डॉक्टर को दिखाने पर पता चला कि ऑपरेशन में लापरवाही कि वजह से फिरोज के शरीर में बहुत इन्फेक्शन फैल चुका है जिसके कारण 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक वैटिलेटर पर रहने के बावजूद उसकी 7 अप्रैल को मौत हो गयी!

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिरोज कि मौत अस्पताल व डॉक्टर कि लाप. रवाही से हुई है अत: दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कि जाये! जब इस विषय में जानकारी हेतु अस्पताल संचालक व डॉक्टर को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया!

# उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव वीकेएस गार्डन, ग्रेटर नोएडा में गिरीश मित्तल की देखरेख में सफलतापूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए।

चुनाव में अशोक चावला (गाजियाबाद) को सभी साथियों के समर्थन एवं विश्वास के साथ छठी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। साथ ही अभिलेश वर्मा (वाराणसी) को पुन: महामंत्री तथा महेश गुप्ता (कानपुर) को पहली बार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

नव- निर्वाचित अध्यक्ष अशोक चावला ने अपने वक्तव्य में सभी साथियों का हृदय से

**अशोक चावला चुने गए छठी बार अध्यक्ष**



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए अत्यंत सम्मान और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने विशेष रूप से सभी सदस्यों के सर्वसम्मति समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यही एकजुटता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत, संगठित एवं विस्तारित किया जाएगा तथा युवा टीम को जोड़ते हुए प्रदेश के प्रत्येक जिले तक संगठन की सक्रियता बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश टेंट व्यापारी एसोसिएशन का 16वां त्रिवार्षिक महाधिवेशन वर्ष 2026 में नोएडा में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें सभी साथियों का सहयोग एवं सहभागिता अपेक्षित है।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज के द्वारा मार्च माह में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज द्वारा मार्च माह में मरीजों के लिए विभिन्न स्थानों पर नियमित शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्थान ने गाजियाबाद जिले के विभिन्न हिस्सों में लगभग 4500 मरीजों के विभिन्न शिविर लगाये जिसमें ग्यासपुर, फरीदनगर, लाजपत नगर, विजय नगर, कनोजा, फरूखनगर, ढिकौली, बापूधाम, प्रताप विहार, पासपोर्ट ऑफिस, नंदग्राम, लोनी, डासना, राजपुर, दिल्ली गेट, मोदीनगर, निस्तोली आदि के साथ-साथ असोटेक द नेस्ट, सेवियर पार्क, देविका स्काईपर्स, अग्रवाल हाइट्स और सावी विला डे जैसी गाजियाबाद की विभिन्न सोसायटियों में भी विभिन्न दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को सामान्य दंत समस्याओं के



प्रारंभिक संकेतों के बारे में शिक्षित करना और मुफ्त निदान तथा उपचार सेवाएं प्रदान करना था। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक स्क्रीनिंग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रत्येक मरीज को अपना उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया।

विशेष रूप से दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उन्हें रोकने के उपायों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कैरियोजेनिक खाद्य पदार्थो के बारे में शिक्षित किया गया जो दांतों की सड़न पैदा कर सकते है। इसके बाद उन्हें मौखिक रोगों से संबंधित उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

इसके अतिरिक्त मरीजों को संस्थान में प्रदान किये जाने वाले उन्नत उपचार जैसे डेंटल इंप्लांट, लैमिनेट्स, वेनीर्स, माइक्रोस्कोपिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट, ब्रेसेस, एलाइनर्स, टीथ व्हाइटनिंग, हेयर ट्रांसप्लांट आदि के बारे में भी बताया गया। इसके बाद शिविर स्थल पर मरीजों के दांत निकाले गये, दांतो की सफाई करायी, दांतों की सड़न को रोकने के लिए एपीएफ जैल लगाना और और मरीजों का एक्स-रे तथा दांतो मे मसाला भी भरा गया।

इसके अतिरिक्त, संस्थान के द्वारा भोजपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी.एच.सी) और मुरादनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में अपनी चल रही सेटेलाइट के जरिए लगभग 1500 से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इन स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसके लिये सभी मरीजों ने संस्थान का आभार प्रकट किया।

# विजयनगर जॉन के लिए नगर आयुक्त व पार्षदों ने डॉग कैचिंग वैन का किया शुभारंभ




**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजनाओं को सफलता मिल रही है जिसके क्रम में प्रत्येक जोन में डॉग कैचिंग वैन की व्यवस्था कराई गई है। नगर आयुक्त और विजयनगर जोन के पार्षदों द्वारा निगम मुख्यालय में एक ओर डॉग कैचिंग वैन का शुभारंभ किया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि पूर्व में 4 डॉग कैचिंग वैन निगम में थी रोस्टर के अनुसार निराश्रित स्वान को पकड़ने का कार्य किया जाता था एक नई डॉग कैचिंग वैन का शुभारंभ किया गया।

सभी जोन के लिए अलग-अलग डॉग कैचिंग वैन सरलता से उपलब्ध हो सकेंगी, एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान में तेजी आएगी। इस मौके पर उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज, मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ आशीष त्रिपाठी, पार्षद कन्हैया, पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद भारत गौतम, पार्षद संतोष व अन्य भी उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव शर्मा के नेतृत्व में आयुध निर्माणी में बाधित हुई गैस सिलेंडर की समस्या को लेकर लेबर यूनियन के पदाधिकारियो ने जिला पूर्तिअधिकारी अमित तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा।

जिलापूर्ति अधिकारी ने तुरंत इण्डेन गैस सर्विसेज मंडलीय अधिकारी से वार्ता की ओर इन समस्याओं के समाधान के लिए बोला और ये भी हिदायत दी कि कोई भी एजेंसी अतिरिक्त सामान खरीदने के लिए बाध्य नही करेगी।

साथ ही उन्होंने आश्वसन दिया कि निर्माणी के आवासीय कर्मचारियों व अन्य को भी किसी तरह की समस्या नही आने देंगे। लेबर यूनियन का डेलिगेशन संजीव शर्मा सदस्य (AICC कॉग्रेस) के नेतृत्व में मिला। जिसमे लेबर यूनियन के YIL/IR मैकेनिज्म मेंबर मुनिराज त्यागी, अध्यक्ष अनिल यादव, कमल त्यागी, रविप्रताप (जेसीएम-4) व मुकेश मीणा मिले।

# रौब दिखाने के लिए अवैध तमंचा रखने का आरोपी गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना लोनी पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध हथियार रखने के अरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अजय उर्फ टुल्ली पुत्र निवासी सोमवार बाजार बताया जा रहा है। अजय के पास से अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह लोगों पर रौब जमाने के लिए अपने पास तमंचा रखता। उसने यहह भी बताया कि तमंचा उसने अपने दोस्त से लिया था।

# सभी थानों पर आयोजित वादी संवाद दिवस में 288 वादियों को दी गई मामलों से जुड़ी जानकारी



**गाजियाबाद।** बुधवार को कमिश्नरेट के सभी थानों पर वादी संवाद दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान थानों पर आमंत्रित किए गए वादियों को विवेचकों ने उनके मामलों से जुड़ी अपडेट से अवगत कराया। वादी संवाद दिवस में सभी थानों पर कुल 288 वादियों को आमंत्रित किया गया था। विवेचकों ने विवेचनाधीन (एफआईआर) और गुमशुदगी से जुड़े वादों को लेकर वादियों के साथ संवाद किया। इस मौके पर विवेचकों ने वादियों के सभी सवालों के प्रश्नों के संतोषजनक जवाब भी दिए। वादी संवाद दिवस में नगर जोन के थानों पर 87, ट्रांस हिंडन जोन के थानों पर 57 और ग्रामीण जोन के थानों पर 84 वादियों को आमंत्रित किया गया था। पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ का कहना है कि वादी संवाद दिवस का उद्देश्य है कि वादियों को उनके प्रकरण की सही और सटीक जानकारी समय पर दी जाए जिससे कानून व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास मजबूत हो सके।

# आईटीएस में एमबीए स्पेशलाइजेशन दिशा निर्देशन सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस में एम बी ए छात्रों के लिए संस्थान के द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में ‘नेविगेटिंग एमबीए स्पेशलाइजेशन’ सत्र का आयोजन किया गया। प्रथम दिन दि 7 अप्रैल 2026 को सत्र का उदघाटन विशिष्ट अतिथि डॉ कुमार विजय, एसोसिएट प्रोफेसर, शहीद सुखदेव सिंह कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज (दिल्ली विश्व विद्यालय), एंड सी ई ओ, एस आई एफ इनक्यूबेशन सेंटर, डॉ ममता महापात्र, प्रोफेसर, आई एम आई, नई दिल्ली, मि शुभम मेंडरियाता, असिस्टेंट मैनेजर, एरनेट एंड यंग (आई टी एस एलुमनाई), संस्थान के निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे एवं एमबीए चेयरपर्सन डॉ संजीव टंडन द्वारा मा सरस्वती के समक्ष पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न किया गया।

सर्व प्रथम निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को इस कार्य क्रम के आयोजन और महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें अपनी योग्यता और रुचि के आधार पर स्पेशलाइजेशन चुनने हेतु प्रेरित किया ताकि भविष्य में उनका समुचित विकास हो साथ ही ऑर्गेनाइजेशन में भी सही दक्षता के साथ अपने दायित्व का निर्वाह कर सके। डॉ संजीव टंडन




ने सत्र से संबंधित जानकारियां और आवश्यक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आई. टी. एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। आई. टी. एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने इस आयोजन की प्रशंसा की साथ ही प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात मार्केटिंग, फाइनेंस एवं एच आर क्षेत्र के एरिया चेयर्स (विभागाध्यक्ष) क्रमश: डॉ उमा गुलाटी, डॉ विनय कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ मनोज कुमार झा द्वारा अपने अपने क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां और दिशा निर्देश प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिए गए ताकि अपने कैरियर पथ के चुनाव में कोई परेशानी नहीं हो और सही ढंग से अपने भविष्य का निर्माण कर सके।

निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को संबोधित करते हुए सही स्पेशलाइजेशन चुनने हेतु दिशा निर्देश दिया। डॉ संजीव टंडन ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। सभी विभागाध्यक्ष क्रमश: डॉ पारुल गुप्ता, डॉ मानसी सिंह एवं प्रो समीक्षा बूडाकोटी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्पेशलाइजेशन चयन हेतु मार्ग दर्शन किया। प्रो शिल्पी राणा ने समस्त कार्यक्रम का बहुत ही प्रभावित ढंग से मंच संचालन किया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रुकसार (Ruksar) से बदलकर रुखसार बेगम (Rukhsar Begum) कर लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम रुखसार बेगम (Rukhsar Begum) से जाना पहचाना जाए।

**रुखसार बेगम पत्नी मो0 इरफान निवासी-416 ब्लॉक-4 अशोक विहार लोनी देहात गाजियाबाद।**

# 22 साल के प्रेमी ने 32 साल की प्रेमिका का किया कत्ल

**कई साल से थे दोनों में संबंध महिला तीन बच्चों की मां जबकि प्रेमी की नौ महीने पहले हुई थी शादी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में 22 साल के प्रेमी दीपक ने अपनी 32 साल की शादीशुदा प्रेमिका सुनीता को पीजी में बुलाया। उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी। दो साथियों की सहायता से शव को डबल बैड में कंबल से लपेटकर डालकर फरार हो गया। पुलिस ने प्रेमी और उसके चाचा और दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है,वहीं शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगोलपुरी पुलिस को पत्थर मार्किट के पास एक पीजी के कमरे में महिला का शव पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस इमारत की तीसरी मंजिल पर पहुंची। जहां अमरजीत ने पीजी चला रखा था। डबल बैड में कपड़े से लिपटा महिला का शव पड़ा था। माथे पर चोट और गले पर भी निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। संजय गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पीजी के मालिक से आने जाने वालों के बारे में जानकारी ली। शाम साढ़े चार बजे महिला समेत चार लोग पीजी में आए थे। जो करीब एक घंटे तक रहे थे। महिला को छोड़कर बाकी तीन बाद में चले गए थे।

पीजी रजिस्टर में सभी के बारे में जानकारी ली। जिसके बाद पुलिस मंगोल. पुरी में रहने वाले दीपक के घर पहुंची। दीपक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। दीपक ने मृतक महिला की पहचान इलाके में रहने वाली सुनीता के रूप में की। जिसके परिवार को वारदात की जानकारी दी। दीपक को गिरफ्तार करके उसके चाचा और दोस्त सुरेन्द्र उर्फ बॉबी और जोगिन्द्र को भी उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। भाभी सुनीता शाम साढ़े चार बजे बच्चे को ट्यूशन छोडने गई थी। मगर शाम तक वापिस नहीं आई थी। उसी बीच बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने वाला टीचर बच्चे को लेकर घर आया था। जिसने बताया कि मैडम सुनीता बच्चे को लेने नहीं आई थी।

सुनीता की देवरानी शालू ने बताया कि भाभी इलाके में रहने वाले दीपक नामक एक युवक से बातचीत करती थी। भाभी के तीन बच्चे हैं,जबकि दीपक की नौ महीने पहले ही शादी हुई है। शक होने पर वह दीपक के घर गई। जहां पर पुलिस पहले से ही मौजूद थी। भाभी के बारे में पूछा तो पुलिस ने उनको पुलिस चौकी में भेज दिया। जहां पर भाभी की पीजी में हत्या होने की बात पता चली थी। उन्होंने कहा कि सुनीता दो दिन पहले ही घर से दो लाख रुपये निकालकर ले गई थी। दीपक की वह जरूरतें पूरी करती थी और उसको पैसे देती थी। सुनीता ने मुझे भाई बना रखा है। सुनीता का घर उसके घर के सामने ही है। धर्म के भाई आकाश ने बताया कि सुनीता और दीपक दोनों बातचीत करते थे। मगर दोनों को कुछ समय पहले समझा दिया था कि दोनों एक दूसरे से कोई वास्ता नहीं रखे। शाम को सुनीता बच्चे को लेकर ट्यूशन गई थी। वापिस नहीं आई तो उसको तलाशने की कोशिश की गई। पता चला कि पीजी में उसका दीपक ने मर्डर कर दिया है और वह पुलिस की हिरासत में है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दीपक और सुनीता के बीच काफी समय से अवैध संबंध थे। जांच में पता चला है कि पीजी में कई बार वो आते भी थे। कल शाम को भी वे आए थे। मगर इस बार दीपक अपने चाचा और दोस्त के साथ आया था। दीपक ने शराब पी थी। उसी वक्त सुनीता से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तभी उसकी बुरी तरह से पिटाई की और फिर गला दबाकर हत्या कर दी थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि दीपक ने सुनीता के साथ हाथापाई की और फिर उसकी हत्या कर दी थी। जबकि उसके चाचा और दोस्त ने सुनीता के शव को बैड में ठिकाने लगाने के लिये उसकी सहायता की थी। उनका कहना है कि विवाद के बारे में अभी पुख्ता तरीके से बात सामने नहीं आई है। मगर जिस तरह से चाचा और दोस्त को साथ ले गया था। उससे लगता है कि दीपक ने संयोजित तरीके से हत्या को अंजाम दिया था। हत्या के पीछे का विवाद काफी समय से चला आ रहा होगा। जिसको दीपक ने निपटाने की कोशिश की होगी। मगर सुनीता नहीं मान रही होगी।

# बारिश व तेज हवाओं से मौसम सुहाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों को वर्षों बाद साफ और ताजी हवा का अनुभव हो रहा है। लगातार हो रही बारिश, आंधी और तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

कई इलाकों में एक्यूआई 'ग्रीन जोन' और 'संतोषजनक' श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे लोगों को पहाड़ों जैसी ताजगी का एहसास हो रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में एक्यूआई काफी बेहतर स्थिति में दर्ज किया गया। अलीपुर में एक्यूआई 83, आनंद विहार में 112, अशोक विहार में 86, बवाना में 89, बुराड़ी क्रॉसिंग में 75, कैंटोनमेंट एरिया में 72 और चांदनी चौक में 104 दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 8 अप्रैल को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिनभर 'थंडरस्टॉर्म विद रेन' की स्थिति बनी रहेगी। सुबह से लेकर शाम तक हल्की बारिश, गरज-चमक और 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। विभाग ने एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसके तहत लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। सुबह, दोपहर और शाम- तीनों समय हल्की से मध्यम बारिश के साथ बिजली गिरने और तेज हवाओं की गतिविधियां जारी रहेंगी।

# केंद्रीय सचिवालय से करावल नगर तक बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नया बस मार्ग 270 प्रारंभ किया है। यह बस सेवा केंद्रीय सचिवालय से करावल नगर तक संचालित होगी, जिससे पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस नए मार्ग का उद्देश्य रिहायशी क्षेत्रों को प्रमुख मेट्रो स्टेशनों और व्यावसायिक केंद्रों से सीधे जोड़ना है। इससे यात्रियों का समय बचेगा और उन्हें अतिरिक्त साधनों जैसे आटो या ई-रिक्शा पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रूट संख्या 270 केंद्रीय टर्मिनल से करावल नगर पुस्ता तक निर्धारित किया गया है। इस मार्ग पर बसें दयालपुर, न्यू मुस्तफाबाद, भजनपुरा, नानकसर और सिग्नेचर पुल के आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरेंगी, जिससे इन इलाकों के लोगों को मध्य दिल्ली और अंतरराज्यीय बस अड्डे तक पहुंचने में सुविधा होगी। इसके अलावा यह बस सेवा पुराना सचिवालय, कश्मीरी गेट, लाल किला, दरियागंज, दिल्ली गेट, आईटीओ, मंडी हाउस और कृषि भवन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों को भी जोड़ेगी। फिलहाल इस रूट को परीक्षण के रूप में शुरू किया गया है और यात्रियों के सुझावों के आधार पर इसमें आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं।




**पूर्वी जिला पुलिस द्वारा आयोजित प्रहरी योजना के तहत 'प्रहरी बैठक' व 'सुरक्षा गार्ड ब्रीफिंग' में भाग लेते जवान।**

# पूर्वी जिला पुलिस ने सुरक्षा गार्ड ब्रीफिंग का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्वी जिला पुलिस ने प्रहरी योजना के तहत 'प्रहरी बैठक' और उसके साथ-साथ एक विस्तृत सुरक्षा गार्ड ब्रीफिंग का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रीत विहार थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्वास्थ्य विहार क्लब में आयोजित किया गया था।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त -1 सृष्टि पांडे,के मार्गदर्शन में प्रहरी बैठक और सुरक्षा गार्ड ब्रीफिंग का आयोजन किया गया, और इसका समन्वय पूर्वी जिला की श्सामुदायिक पुलिसिंग सेलश द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, पूर्वी जिला के इंस्पेक्टर/कानून-व्यवस्था और इंस्पेक्टर/जांच अधिकारियों के साथ-साथ 'सामुदायिक पुलिसिंग सेल', पूर्वी जिला की प्रभारी महिला एसआई शालिनी जादौन ने अपने स्टाप के साथ मिलकर संवेदीकरण सत्र आयोजित किया। इस सत्र में सुरक्षा कर्तव्यों के व्यावहारिक और जमीनी पहलुओं को विस्तार से शामिल किया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया।

ड्यूटी के दौरान क्या करें और क्या न करें पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें यह बताया गया कि कैसे लापरवाही, अनधिकृत पहुँच, या संवेदनशील जानकारी साझा करने से सुरक्षा में गंभीर चूक हो सकती है। सुरक्षा गार्डों को आग लगने की घटनाओं, चिकित्सा आपात स्थितियों और अपराध स्थलों सहित आपातक. ालीन स्थितियों से निपटने के बारे में भी जानकारी दी गई।

# क्रिश्चियन मिशेल की रिहाई याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर घोटाला मामले के कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की रिहाई से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया है। क्रिश्चियन मिशेल ने हाईकोर्ट से मांग की थी कि जिन आरोपों के आधार पर उन्हें भारत लाया गया था, उनकी अधिकतम सजा की अवधि वह पहले ही जेल में काट चुके हैं, इसलिए उन्हें रिहा किया जाए। हालांकि सीबीआई, ईडी और केंद्र सरकार ने इस मांग का कड़ा विरोध किया था।

क्रिश्चियन मिशेल ने अपनी याचिका में भारत-यूएई प्रत्यर्पण संधि के आर्टिकल 17 को भी चुनौती दी थी। क्रिश्चियन मिशेल को दिसंबर 2018 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत लाया गया था। उस समय 2017 की चार्जशीट में उन पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत देने जैसे आरोप लगाए गए थे।

इसके बाद में, सितंबर 2020 में दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में जालसाजी (फर्जीवाड़ा) का आरोप भी जोड़ा गया, जिसकी सजा उम्रकैद तक हो सकती है। केंद्र सरकार ने यह भी दलील दी कि प्रत्यर्पण संधि का आर्टिकल-17 भारत को उन अपराधों के साथ-साथ उनसे जुड़े अन्य अपराधों में भी मुकदमा चलाने की अनुमति देता है। इसी आधार पर जालसाजी के आरोप भी जोड़े गए हैं। बता दें कि इससे पहले 17 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की रिहाई से जुड़ी याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जबकि सितंबर 2020 में दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में जालसाजी (फर्जीवाड़ा) का आरोप भी जोड़ा गया था, जिसकी सजा उम्रकैद तक हो सकती है। इसलिए यह कहना गलत है कि मिशेल ने अधिकतम सजा पूरी कर ली है।

वहीं दिल्ली हाईकोर्ट में मिशेल के वकील अल्जो के. जोसेफ ने कहा था कि उनके मुवक्किल ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से जुड़े आरोपों के लिए पांच साल से अधिक समय जेल में बिताया है, इसलिए उन्हें रिहाई मिलनी चाहिए।

## बारिश के बाद तापमान में आई गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रात भर हुई बारिश और गरज के साथ हुई बौछारों के कारण बुधवार को तापमान में काफी गिरावट आई और वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ। बुधवार की सुबह न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अप्रैल के शुरुआती दिनों के लिए गर्मी में उल्लेखनीय गिरावट दर्शाता है।

सफदरजंग में स्थित शहर के मुख्य मौसम निगरानी केंद्र ने सुबह 8:30 बजे तक, बीते 24 घंटों में 6.4 मिमी बारिश दर्ज की। चार अप्रैल 2023 को 16.3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी जिसके बाद इस साल इतनी बारिश दर्ज की गई है।

# हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली : इंडियन यूथ कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ राजधानी में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन रायसीना रोड से शुरू होकर जंतर-मंतर तक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने तख्तियां लेकर नारेबाजी की और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान उदय भानू चिब ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे राजनीतिक दबाव बनाकर विपक्षी नेताओं को डराने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता देशहित में कार्य करते हैं और किसी भी प्रकार के दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं। चिब ने यह भी कहा कि जिन लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उनकी सच्चाई सामने आने से सत्तारूढ़ दल के नेताओं में बेचैनी बढ़ी है।

चिब ने मुख्यमंत्री की भाषा और बयानबाजी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अभद्र भाषा किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देती। उन्होंने आरोप लगाया कि मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की गईं, जो न केवल व्यक्तिगत हमला है बल्कि पूरे विपक्ष का अपमान है।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर दलित विरोधी मानसिकता रखने का आरोप भी लगाया। उनका कहना था कि पार्टी के नेताओं की भाषा और व्यवहार से यह स्पष्ट होता है कि वे समाज के एक बड़े वर्ग के प्रति संवे. दनशील नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की बयानबाजी जारी रही तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## 5 किलो वाले सिलेंडरों के लिए लगेंगे विशेष कैंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्रवासी मजदूरों को रसोई गैस की बेहतर सुविधा देने के लिए एक विशेष पहल शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाई गई है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मजदूरों तक गैस की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। भारत सरकार द्वारा प्रवासी मजदूर श्रेणी के तहत 5 किलो एफटीएल सिलेंडरों के आवंटन में 100 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी गई है। इसके बाद दिल्ली सरकार ने 7 अप्रैल 2026 के आवंटन आदेश के अनुसार इन सिलेंडरों की दैनिक उपलब्धता को 684 से बढ़ाकर 1,368 कर दिया है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू वासुदेव घाट का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए।**

# अंबेडकर जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजधानी के सभी जिलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके तहत प्रत्येक जिले को 5 लाख रुपये की राशि आवंटित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य अंबेडकर के विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना और वंचित समुदायों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, दिल्ली के सभी 13 जिलों में जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने 2026-27 के लिए विशेष योजना के तहत जिला अधिकारियों को यह निधि जारी करने की मंजूरी दी है। इन आयोजनों के अंतर्गत इंडिया गेट पर दो दिवसीय 'भीम ज्योति उत्सव' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

अधिकारियों के अनुसार, पहले ऐसे कार्यक्रमों के लिए गैर-सरकारी संगठनों को लगभग 50 हजार रुपये दिए जाते थे, लेकिन आयोजन अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पाते थे।

# गोबर से बने बटन का नवाचार रामजस कॉलेज की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व. विद्यालय के रामजस कॉलेज में एक अनूठी पहल के तहत गाय के गोबर से पर्यावरण अनुकूल बटन तैयार किए जा रहे हैं। रसायन विभाग की गौधन अनुसंधान प्रयोगशाला में चल रही इस परियोजना का नेतृत्व डॉ. शुचि वर्मा कर रही हैं, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक के विकल्प विकसित करना है।

शोधकर्ताओं का मानना है कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। गोबर से निकलने वाली मीथेन गैस जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देती है, ऐसे में इसे उपयोगी उत्पादों में बदलने से गैस उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। साथ ही, इस प्रक्रिया से आर्थिक लाभ की संभावनाएं भी जुड़ी हैं।

बटन निर्माण की प्रक्रिया में गोबर को सुखाकर पाउडर या राख में परिवर्तित किया जाता है। इसके बाद इसमें सख्त बनाने वाला पदार्थ मिलाकर सांचे की सहायता से बटन का आकार दिया जाता है। इन बटनों को लगभग 300 डिग्री सेल्सियस तापमान पर गर्म किया जाता है, जिससे वे मजबूत और टिकाऊ बन जाते हैं। तैयार बटन मैट काले रंग के होते हैं और सामान्य उपयोग के लिए उपयुक्त हैं।

डॉ. शुचि वर्मा के अनुसार, ऐतिहासिक रूप से भारत में प्लास्टिक से बना पहला उत्पाद बटन ही था, जिसे ध्यान में रखते हुए अब प्राकृतिक विकल्प विक. सित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। परियोजना से जुड़ी छात्रा दिव्यानी ने बताया कि विभिन्न डिजाइन और बनावट के बटन तैयार किए गए हैं, जो आकर्षक होने के साथ-साथ पूरी तरह प्राकृतिक हैं।

# 'अनपढ़ गुजराती' वाली टिप्पणी पर कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 'अनपढ़ गुजराती' टिप्पणी पर विवाद लगातार जारी है।इसी क्रम में बुधवार को गुजरात के लोगों ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की। दिल्ली में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर और नारेबा. जी करते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि ऐसी टिप्पणियां गुजरात के लोगों का अपमान करती हैं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को नजरअंदाज करती हैं।

एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, "स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी, जो गुजरात से ही थे, ने एक अहम भूमिका निभाई थी। आज, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेता हमें गौरवान्वित कर रहे हैं और विकास में योगदान दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का राज्यों में अपना जनाधार कमजोर पड़ रहा है और ऐसे बयान उनकी हताशा को दर्शाते हैं। मुझे समझ नहीं आता कि ऐसी टिप्पणियां करने से उन्हें क्या हासिल होता है।"

# मुख्यमंत्री व एलजी ने वासुदेव घाट का दौरा कर सुरक्षा व सुविधाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के साथ बुधवार को वासुदेव घाट का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान दोनों नेताओं ने घाट पर संचालित नावों की स्थिति, यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था और लोहे के बने पुल की मजबूती की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वासुदेव घाट न केवल स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक भी आते हैं। ऐसे में यहां की साफ-सफाई, सुरक्षा और सुविधाओं का बेहतर होना बेहद जरूरी है।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में जब से भाजपा की सरकार आए है तब से तेजी से विकास हो रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए और दिल्ली में स्वच्छ हवा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली में मौसम के अनुसार आने वाली चुनौतियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "आप सभी दिल्ली की परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं।

गर्मियों में पानी की कमी और जल स्तर गिरने जैसी समस्याएं सामने आती हैं, जबकि बरसात के मौसम में जलभराव और प्रदूषण की चुनौती बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए घाट की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई व्यवस्था और संभावित जोखिमों का विस्तृत आकलन किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री और वे स्वयं नियमित रूप से ऐसे स्थलों का दौरा करते रहेंगे ताकि सुधार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही तुरंत बड़े बदलाव दिखाई न दें लेकिन छोटे-छोटे निरंतर सुधारों के माध्यम से स्थिति को बेहतर बनाया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि आम जनता को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# घर-दफ्तर व बाजार होगा पास बदलेगी रोजमर्रा की जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आने वाले समय में कई क्षेत्रों में रोजाना की भागदौड़ और लंबी दूरी तय करने की मजबूरी कम हो सकती है।

ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी)-2026 पॉलिसी के तहत मेट्रो और नमो भारत कॉरिडोर के आसपास ऐसे इलाकों का विकास किया जा रहा है, जहां घर, दफ्तर और बाजार एक दायरे में होंगे। इससे वॉक-टू-वर्क और वॉक-टू-मार्केट जैसे कॉन्सेप्ट से बड़ा बदलाव आएगा। नई पॉलिसी के तहत मेट्रो और आरआरटीएस स्टेशनों के 500 मीटर दायरे में मिक्स्ड-यूज डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी गई है। इसका मतलब है कि आवासीय इमारतों के साथ ऑफिस, दुकानें और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी सुविधाएं उसी इलाके में विकसित होंगी, जिससे लोगों को लंबी दूरी तय करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली में द्वारका, रोहिणी-नरेला बेल्ट, पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार और न्यू अशोक नगर जैसे क्षेत्र, साथ ही बाहरी दिल्ली के नरेला, बावाना, मुंडका और नांगलोई क्षेत्र इस मॉडल के लिए सबसे उपयुक्त माने जा रहे हैं।

